संख्या 24/206/2014–पब्लिक
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

.....

नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली
दिनांक 22/07/2014

सेवा में,
उस्ताद अफजल हुसैन खॉ निजामी,
41/96–ए मिश्री बाजार,
नया चौक, निकट गुप्ता टेन्ट हाउस,
कानपुर, उत्तर प्रदेश--208001।

विषयः सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत मांगी गई सूचना।

......

आपके द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के आवेदन दिनांक 24.06.2014, जिसमें आपने अपने आवेदन दिनांक शुन्य के संबंध मे सूचना मॉगी है के संबंध में यह सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर कार्यवाही करते हुए उससे संबंधित सूचना आपको इस मंत्रालय के पत्र संख्या 24/206/2014--पब्लिक दिनांक 07.05.2014 द्वारा उपलब्ध करा दी गई थी। तथापि उक्त प्रत्युत्तर की प्रति संलग्न है।

2. इस मामले मे सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 19(1) के अंतर्गत अपील, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी श्री सतपाल चौहान, संयुक्त सचिव (प्रशासन), गृह मंत्रालय, कमरा संख्या 194, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को 30 दिनों के समय में की जा सकती है।

ह॰ 22/07/14

(श्यामला मोहन)
निदेशक एवं केन्द्रिय जन सूचना अधिकारी

संलग्नकः पत्र संख्या 24/206/2014–पब्लिक दिनांक 07.05.2014 की प्रति।

प्रतिलिपिः
अनुभाग अधिकारी (आई टी) गृह मंत्रालय को मंत्रालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतू।

(349) पंजीकृत

सेवा में,

श्रीमान केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी /
निदेशक ( ए एन्ड वी ),
गृह मन्त्रालय, नार्थ ब्लाक,
भारत सरकार, नई दिल्ली – 110001

299826
30/6/14

विषय– सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत श्री उस्ताद अफलज हुसैन खान निजामी का आवेदन

**सन्दर्भ – अवर सचिव, भारत सरकार गृह मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्रांक ए–43020/01/2014 आर टी आई, दिनांक 19/03/2014 जो कि आप को प्रेषित किया गया है ।**

महोदय जी,

उपरोक्त विषय से सम्बन्धित अवर सचिव, भारत सरकार गृह मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्रांक ए–43020/01/2014 आर टी आई, दिनांक 19/03/2014 जो कि आप को प्रेषित किया गया है का सन्दर्भ लें (पत्र की छाया प्रति संलग्न है) मामले में अभी तक प्रार्थी को कोई भी वांछित सूचना प्राप्त नहीं हुई है ।

प्रार्थी आपसे निवेदन पूर्वक आग्रह करता है कि जनसूचना अधिनियम 2005 के अन्तर्गत बिन्दुवत वांछित सूचना (पत्र की छाया प्रति संलग्न है) **हिन्दी भाषा में** प्रदान कराने की व्यवस्था करें । अगर सूचना प्रदान करने हेतु कोई अन्य शुल्क जमा करना हो तो उसका विवरण प्रदान करें प्रार्थी अन्य शुल्क जमा करने हेतु तैयार है कृपया ।

संलग्न – उपरोक्तानुसार

दिनांक 25/06/2014

भवदीय

( उस्ताद अफजल हुसैन खान निजामी )
41/96–ए मिश्री बाजार
नया चौक, ( निकट गुप्ता टेन्ट हाउस ),
कानपुर, उ0प्र0 – 208001

Dir (A&V) - on leave
USP
25/06

सं. ए-43020/01/2014-आर टी आई
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
****

नई दिल्ली, दिनांक : 19/03/.2014

## कार्यालय ज्ञापन

विषय : सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत ~~श्री/श्रीमती/सुश्री~~ प्रसाद मोहम्मद इमरान रजा मियामी.........का आवेदन।

*******

अधोहस्ताक्षरी को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 ~~के तहत~~ सूचना मुहैया कराने के संबंध में ~~श्री/श्रीमती/सुश्री~~ प्रसाद मोहम्मद इमरान रजा मियामी के दिनांक .../02/2014 के आवेदन (इस मंत्रालय में ................................ ~~से अंतरण हुआ~~ दिनांक 11/03/2014 को प्राप्त) को ......................... विदेश प्रभाग को अंतरित करने का निदेश हुआ है, क्योंकि मांगी गई सूचना उक्त प्रभाग के क्रियाकलापों से संबंधित है/निकट रूप से संबंध रखती है। यह अनुरोध किया जाता है कि यदि विषय-वस्तु का संबंध किसी अन्य केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी/लोक प्राधिकारी से है, तो आवेदक को सूचित करते हुए आवेदन को सीधे उस प्राधिकारी को अग्रेषित/अंतरित कर दिया जाए।

2. आवेदक ने 10/- रु. का निर्धारित शुल्क दिनांक 14.....03.2014 की रसीद सं. 25261 ..........के तहत जमा कर दिया है (संलग्न)। ~~नहीं किया है क्योंकि वह गरीबी रेखा से नीचे की श्रेणी से संबंध रखता/रखती है।~~

संलग्नक : यथोपरि

(हस्ताक्षर)
( एस. सामंत )
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में
निदेशक (विदेश)
गृह मंत्रालय
नॉर्थ ब्लॉक,
नई दिल्ली

प्रति सूचनार्थ प्रेषित :
~~श्री/श्रीमती/सुश्री~~ प्रसाद मोहम्मद इमरान रजा मियामी
41/96-ए मिश्री बाजार
नया गांव (निकट गुरुद्वारा देवनगर) लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
(उनसे अनुरोध है कि इस मामले में अतिरिक्त सूचना प्राप्त करने के लिए उपरवर्णित केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी/लोक प्राधिकारी से संपर्क करें।)

पंजीकृत

सेवा में,

श्रीमान केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी /
निदेशक ( ए एन्ड वी ),
ग्रह मन्त्रालय, नार्थ ब्लाक,
भारत सरकार, नई दिल्ली – 110001

विषय– जनसूचना अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना प्रदान करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में प्रार्थी आपसे निवेदन पूर्वक आग्रह करता है कि जनसूचना अधिनियम 2005 के अन्तर्गत बिन्दुवत निम्न सूचना **हिन्दी भाषा में** प्रदान कराने की व्यवस्था करें । अगर सूचना प्रदान करने हेतु कोई अन्य शुल्क जमा करना हो तो उसका विवरण प्रदान करें प्रार्थी अन्य शुल्क जमा करने हेतु तैयार है कृपया ।

| | |
|---|---|
| 1 | आपके कार्यालय के पत्रांक 1/34/2013–Public, दिनांक 03/10/2013 के सन्दर्भ में पदम एवार्ड ( PADMA AWARDS ) हेतु उस्ताद अफजल हुसैन खान निजामी का नाम कानपुर जिला, उ0प्र0 से **प्रस्ताव प्राप्त हुआ था कि नहीं प्राप्त हुआ था की** सूचना प्रदान करें कृपया । |
| 2 | आपके कार्यालय के पत्रांक 1/34/2013–Public, दिनांक 03/10/2013 के सन्दर्भ में पदम एवार्ड ( PADMA AWARDS ) हेतु उस्ताद अफजल हुसैन खान निजामी, कानपुर जिला, उ0प्र0 **को भेजे गये पत्र का उददेश्य/मकसद क्या था की सूचना प्रदान करें कृपया ।** |
| 3 | उपरोक्त मामले में उस्ताद अफजल हुसैन खान निजामी का नाम वांछित प्रोफार्मा (एनेक्सर II ) में आपके कार्यालय में **किस दिनांक को प्राप्त हुआ था एवं निर्धारित समय में प्राप्त हुआ था कि नहीं** की सूचना प्रदान करें कृपया । |
| 4 | उस्ताद अफजल हुसैन खान निजामी, कानपुर जिला, उ0प्र0 के मामले में पदम एवार्ड ( PADMA AWARDS ) हेतु **वर्तमान में विचार किया गया था कि नहीं सम्पूर्ण सूचना** प्रदान करें कृपया । |
| 5 | उस्ताद अफजल हुसैन खान निजामी, कानपुर जिला, उ0प्र0 के मामले में पदम एवार्ड ( PADMA AWARDS ) हेतु वर्तमान में **नाम को स्वीकृत नहीं करने/विचार नहीं करने के कारणो/तथ्यों की सम्पूर्ण सूचना** प्रदान करें कृपया । |
| 6 | उस्ताद अफजल हुसैन खान निजामी, कानपुर जिला, उ0प्र0 का नाम पदम एवार्ड ( PADMA AWARDS ) हेतु **कितनें बार विचार किया गया/नामित किया गया सूचना** प्रदान करें कृपया । |
| 7 | पदम एवार्ड ( PADMA AWARDS ) किसी व्यक्ति को **प्रदान करने/स्वीकृत करने की पूरी प्रकिया का विवरणं** की सूचना प्रदान करें कृपया । |

संलग्न– पोस्टल आर्डर संख्या

भवदीय

दिनांक /04/2014

( उस्ताद अफजल हुसैन खान निजामी )
41/96–ए मिश्री बाजार
नया चौक, ( निकट गुप्ता टेन्ट हाउस ),
कानपुर, उ0प्र0 – 208001